महत्वपूर्ण एवं खास

29 जुलाई को होगा आधार, आयुष्मान, श्रम और पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़। जिले में 29 जुलाई सोमवार को आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान, श्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन शिविर जिला स्तर पर गांव ताड़ीपार में होगा। सारंगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बोरिदा, अंडोला, तिलाईदादर, माधोपाली, कपरतुंगा, सारंगढ़ के वार्ड 6 में और बरमकेला ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खैरगढ़ी, केनाभांठा, लोधिया, खरवानी वार्ड 9, साल्हेओना, डोंगरीपाली, गौरडीह, रिसोरा, देवगांव, पोरथ में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम देवरबोड़, डोकरीडीह, टुंडरी, कोरकोटी, मुड़पार, धौराभांठा, और भटगांव में शिविर आयोजित होगा। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।

तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले में तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की है। इस आदेश अनुसार तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी को जिला कार्यालय सारंगढ़ से सारंगढ़ तहसील, पूनम तिवारी को सारंगढ़ तहसील से बरमकेला, शनिराम पैकरा को सरिया से भू अभिलेख जिला कार्यालय सारंगढ़, नीलिमा अग्रवाल को जिला कार्यालय सारंगढ़ से भटगांव, नायब तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू को बरमकेला से सरिया और देवराज सिदार को भटगांव से बिलाईगढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थापना किया गया है।

सिलाई का नि:शुल्क प्रशिक्षण 29 जुलाई से प्रारंभ

सारंगढ़ बिलाईगढ़। रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में एक माह का महिला दर्जी (सिलाई) प्रशिक्षण 29 जुलाई 2024 से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये इस मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 865691978, 7999984982 संपर्क कर और दस्तावेज वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः नि:शुल्क हैं। इस प्रशिक्षण के लिये 35 सीट निर्धारित हैं।

कोरबा पुलिस की ओर से लावारिस वाहनों के निराकरण के लिए विशेष अभियान

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा पुलिस जिले में लावारिस वाहनों के निराकरण के लिए एक विशेष अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में यह अभियान जोर-शोर से चल रहा है। अभी तक, कोरबा जिले में कुल 1169 लावारिस वाहनों को चिह्नित किया गया है। इनमें से कोरबा अनुभाग में 441 वाहन, दर्री अनुभाग में 402 वाहन, कटघोरा अनुभाग में 326 वाहन ये वाहन थाना और चौकी के परिसर में लावारिस हालत में खड़े पाए गए हैं। कोरबा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर इन लावारिस वाहनों की जांच की जा रही है। अभियान के दौरान थाने और चौकियों में खड़े लावारिस वाहनों की जांच की जा रही है। इसके बाद, आरटीओ से वाहन स्वामियों की जानकारी प्राप्त की जा रही है और संबंधित वाहन स्वामियों से संपर्क कर उन्हें उनके वाहन सुपुर्द किए जा रहे हैं। कोरबा पुलिस की ओर से अपील की गई है कि अगर किसी वाहन मालिक का वाहन थाना या चौकी में लावारिस हालत में खड़ा है, तो वह संबंधित थाने में जाकर सूची देख सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने वाहन को सुपुर्दनामे में ले सकते हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सरगुजा में आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

❐ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में हुई शामिल

रायपुर । आरएनएस

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर आज रविवार को सरगुजा जिले के प्रवास पर रहीं। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उनके साथ कार्यक्रमों में शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर ने आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। ठाकुर ने अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने सबसे पहले सखी वन स्टॉप सेंटर दर्रीपारा का निरीक्षण कर महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से घर-परिवार से बिछड़े महिलाओं को उनके परिवार से मिलाने के लिए जरूरी पहल करने को कहा। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अब तक 315 परिवारों को जरूरी परामर्श देकर टूटने से बचाया गया है।

माताओं से अपील, नियमित रूप से बच्चों को भेजें आंगनबाड़ी

इसके बाद ठाकुर ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुपोषण चौपाल लगाकर महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं को पोषण के प्रति सजग रहने सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा नगर, नवापारा और बंगालीपारा का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं का तिलक लगाकर विधिवत नारियल,चना, गुड़, फल, सब्जी, श्रृंगार सामग्री भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए गोदभराई रस्म अदा की। उन्होंने बड़े दुलार के साथ बच्चों को खीर खिलाकर अन्न-प्राशन्न किया। नवापारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आजीविका गतिविधियों का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात की और समूह की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए पेड़ो की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेने कहा। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े भी एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा में उन्होंने उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। स्वयं भी केंद्र जाएं और देखें कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले तथा केंद्र में स्वच्छता भी बनी रहे। बच्चों का बेहतर विकास सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। अपनी सक्रिय सहभागिता से शासन और प्रशासन को सहयोग करें। इसके बाद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विभागों के स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में अब तक 541.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर । आरएनएस

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 541.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 28 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1304.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 201.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 324.2 मिमी, बलरामपुर में 460.7 मिमी, जशपुर में 347.9 मिमी, कोरिया में 343.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 370.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 468.1 मिमी, बलौदाबाजार में 622.9 मिमी, गरियाबंद में 596.1 मिमी, महासमुंद में 429.5 मिमी, धमतरी में 620.3 मिमी, बिलासपुर में 532.2 मिमी, मुंगेली में 557.0 मिमी, रायगढ़ में 413.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 252.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 494.9 मिमी, सक्ती में 377.4 कोरबा में 614.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 488.7 मिमी, दुर्ग में 339.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 441.9 मिमी, राजनांदगांव में 601.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 717.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 412.8 मिमी, बालोद में 709.4 मिमी, बेमेतरा में 341.7 मिमी, बस्तर में 671.5 मिमी, कोण्डागांव में 640.9 मिमी, कांकेर में 809.5 मिमी, नारायणपुर में 717.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 763.5 मिमी और सुकमा जिले में 877.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

ग्राम उरबा-पेलमा मेन रोड किनारे अवैध शराब बेच रहे युवक को तमनार पुलिस ने पकड़ा, आरोपी से 15 लीटर महुआ शराब जब्त

रायगढ़

थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर के नेतृत्व में तमनार क्षेत्र में अवैध शराब पर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 28/07/2024 को सुबह ग्राम भ्रमण के दौरान उरबा-पेलमा मेन रोड़ पर शराब बिक्री करते युवक को तमनार पुलिस ने पकड़ा है।

जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह तमनार पुलिस की पेट्रोलिंग माइनर एक्ट की कार्यवाही के लिए देहात भ्रमण पर थी। इसी दरम्यान पेट्रालिंग द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम उरबा-पेलमा मेन रोड़ किनारे एक व्यक्ति को अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब रखे हुए पकड़ा गया है। आरोपी हेमसागर अगरिया पिता अरखीत अगरिया उम्र 27 साल निवासी पेलमा थाना तमनार के पास से 10 नग पन्नी पाउच वाली शराब जिसके प्रत्येक में करीब 1 लीटर महुआ शराब भरा हुआ मिला साथ ही आरोपी के पास एक प्लास्टिक जरकिन में करीब 5 लीटर महुआ शराब कुल 15 लीटर महुआ शराब कीमती रु.3,000 का जप्त किया गया है। आरोपी के कृत्य पर थाना तमनार में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक भीष्मदेव सागर और भूपेश कुमार राठिया शामिल थे।

ट्रांसपोर्ट ऑफिस के सामने खड़ी ट्रक से साउंड सिस्टम और थैले में रखे रुपए चुराने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

❐ जूटमिल पुलिस ने आरोपियों से चोरी साउंड सिस्टम और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़

दिनांक 27/07/2024 को ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करने वाले राजू सिंह गबेल (उम्र 58 वर्ष) निवासी विनोबा नगर चक्रधरनगर द्वारा थाना जूटमिल में लिखित आवेदन देकर ट्रांसपोर्टनगर जूटमिल के पास उनके ट्रांसपोर्ट आफिस के पास खड़ी ट्रक से साउंड सिस्टम और थैले में रखे रु.6,000 चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया। जूटमिल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 341/2024 धारा 305(ख) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता राजू सिंह गबेल से पूछताछ पर उसने बताया कि घटना दिनांक 24 जुलाई की रात माल लोडिंग के काम के लिए रूका हुआ था, रात्रि करीबन 03:00 बजे कुछ तोडफोड का आवाज सुनकर बाहर आकर देखे तो के ट्रक क्र. जीजे 24 एक्स 4666 के पास 03-04 लडके खड़े थे जो ट्रक से कुद कर मो.सा. सीजी 13 एक्स 4313 में बैठकर भाग गये। ट्रक के ड्रायवर बिलाई खान ने बताया कि ट्रक अंदर थैले में रखे डीजल भराने के लिए रखे 6000 रूपये भी गायब है।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा आरोपियों के मोटर सायकल नंबर का डिटेल निकाल कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में मुखबीरों से पूछताछ किया गया जिसमें बजरंग पारा के अजय मेहर तथा राजीव गांधी नगर के लड़कों के शामिल होने की जानकारी मिली। तत्काल जूटमिल पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर संदेही अजय मेहर, उमेश उर्फ भानु, हीराधार सिदार, पंकज रिंटू चौहान को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ किया गया। संदेही बताए कि 24 जुलाई की रात ट्रांसपोर्ट नगर महावीर ट्रांसपोर्ट के सामने खड़ी ट्रक का गेट को तोड़कर ट्रक से एक साउंड सिस्टम और रु.6000 को थैला सहित चुराए थे जिसके 1500-1500 रुपए चारों आपस में बांट लिए थे। आरोपियों ने बंटवारे में मिली रकम को खर्च करना बताएं। आरोपी उमेश उर्फ बानू चौहान के पास से चोरी साउंड सिस्टम तथा आरोपी पंकज उर्फ रिंटू चौहान से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 13 एक्स 4313 की जप्ती की गई है। प्रकरण में आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने पर धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता जोड़ी गई और आरोपियों को कल शाम गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी- (1) अजय मेहर पिता साधुराम मेहर उम्र 23 साल निवासी निगम कॉलोनी बजरंग पारा थाना जूटमिल (2) उमेश उर्फ भानु पिता शौकीलाल चौहान उम्र 21 साल, (3) हीराधर सिदार पिता छबिलाल सिदार उम्र 19 साल, (4) पंकज रिंटू चौहान पिता अमर चौहान उम्र 19 साल तीनों निवासी राजीव गांधी नगर मिट्ठूमुडा थाना जूटमिल रायगढ़

प्राकृतिक आपदा के मृतकों के वारिसो के लिए कलेक्टर ने स्वीकृत किया सहायता राशि

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के नागरिकों के प्राकृतिक आपदा से होने वाले आकस्मिक मृत्यु पर प्रभावित वारिसों को राज्य शासन द्वारा प्रदत्त सहायता राशि को स्वीकृत किया है। इन सभी मृतकों के वारिस को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राजस्व आपदा परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत उनके बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा।

इसके अनुसार मृतक भोजराम साहू पिता अनुपराम साहू उम्र 71 वर्ष का 13.12.2023 को तालाब के पानी के में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि कृष्णा बाई पति स्व. भोजराम साहू ग्राम बंदारी तहसील भटगांव को, मृतिका कुमारी सारथी पिता भुनेश्वर उम्र 65 वर्ष का 16.10.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस पुत्र मुरलीधर पिता भुनेश्वर ग्राम बालपुर तहसील सरसींवा को, मृतिका तिलोत्तमा पटेल पति सुभाष चन्द्र पटेल उम्र 58 वर्ष का 15.10.2023 को टंकी की पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतिका के पति सुभाष चन्द्र पटेल पिता स्व. फागू प्रसाद पटेल ग्राम वार्ड क्रमांक 07 जेलपारा, सारंगढ़ को, मृतक हेमकुमार सिदार पिता दिलीप सिदार उम्र 2 वर्ष का 03.08.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता दिलीप सिदार पिता टिकाराम सिदार ग्राम हिर्री तहसील बरमकेला को, मृतक निलाम्बर यादव पिता संतराम यादव उम्र 35 वर्ष का 23.08.2023 को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि रजनी यादव पति स्व. निलाम्बर यादव ग्राम बार तहसील बरमकेला को, मृतक बंशीधर चौहान पिता छोटेलाल चौहान उम्र 50 वर्ष का 10.08.2023 को कोसमाही तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पुत्र मुकेश, पुत्री किरण पिता स्व. बंशीधर ग्राम बुदेली तहसील बरमकेला को, मृतक गणेश साहू पिता कृष्ण कुमार साहू उम्र 12 वर्ष का 06.12.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता कृष्ण कुमार साहू पिता रामायण साहू ग्राम बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक मनीष कुमार रात्रे पिता स्व. शिवप्रसाद रात्रे उम्र 17 वर्ष का 20.09.2023 को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के चाचा फूलचंद राम रात्रे पिता आजादी राम रात्रे ग्राम झुमरपाली तहसील भटगांव को, मृतक मेष कुमार सिदार पिता रोहित सिदार उम्र 20 वर्ष का 21.08.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता रोहित सिदार पिता कुनू सिदार ग्राम तेन्दुदरहा तहसील भटगांव को, मृतक मनोज कुमार हरिप्रिय पिता पुकराम उम्र 35 वर्ष का 20.09.2023 को तालाब के पानी में के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि गेंदबाई हरिप्रिय पति स्व. मनोज कुमार हरिप्रिय ग्राम देवरबोड तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक नीखराम पिता छेदीलाल पटेल उम्र 68 वर्ष का 12.08.2023 को नाला के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के भाई सरजू पटेल पिता छेदीलाल पटेल ग्राम किसड़ा तहसील सरसींवा को, मृतिका प्रिती यादव पिता बंशीलाल यादव उम्र 08 वर्ष का 17.10.2022 को बिच्छु डंक के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता बंशीलाल यादव पिता भुलाऊ यादव ग्राम दुरूग तहसील भटगांव को मृतिका समारिन सिदार पिता महेत्तर उम्र 60 वर्ष का 11.09.2023 को लात नाला के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतिका की पुत्री तारावती पिता महेत्तर ग्राम गुड़ेली तहसील सारंगढ़ को, मृतक खिलेश कुमार केंवट पिता भागीरथी उम्र 21 वर्ष का 29.08.2023 को नहर के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के माता मानकुवंर केंवट पति स्व. भागीरथी ग्राम छपोरा तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक मालिकराम पिता रामभरोस साहू उम्र 75 वर्ष का 08.01.2024 को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि खीकमति बाई पति स्व. मालिकराम ग्राम मनपसार तहसील सरसींवा को, मृतक रामकुमार निषाद पिता मान्टु निषाद उम्र 28 वर्ष का 05.04.2022 को आग में जलने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि सरिता निषाद के पति रामकुमार निषाद ग्राम बरपाली तहसील सारंगढ़ को चार लाख रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

ग्राम रेगड़ा में चक्रधरनगर पुलिस ने की शराब रेड कार्यवाई, 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर अवैध शराब, जुआ सट्टा, कबाड़ पर कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव द्वारा अपने स्टाफ को क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग कर अनैतिक कार्यों की सूचना लेने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कल दिनांक 27/07/2024 को थाने के देहात पेट्रोलिंग द्वारा मुखबीर सूचना पर रेगड़ा के जंगल के रास्ते में पैदल रेगड़ा की ओर एक थैला में शराब लेकर आ रहे व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ पर व्यक्ति अपना नाम राजकुमार उरांव पिता मोहर साय उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम छोटे रेगड़ा थाना चकधरनगर बताया जिसके कब्जे से 10 लीटर मुहआ शराब कीमती 1,000 रूपये का बरामद हुआ। राजकुमार उरांव द्वारा शराब बिक्री के लिए लेकर आना बताया। आरोपी के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक शैलेन्द्र पैंकरा और रंजित भगत शामिल थे।

अंतिम संस्कार के लिए बच्चे सक्षम नहीं होने पर टीआई जूटमिल ने दिखाई मानवता, स्टाफ के साथ शव का कराया अंतिम संस्कार

❐ मृतक के दोनों बच्चों को दिल्ली पहुंचाने की व्यवस्था भी कराया

रायगढ़

रायगढ़ पुलिस ने एक दफा फिर मानवता दिखाई है जिसकी आमजन तारीफ करते नहीं थक रहे। दरअसल थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत बेनी कुंज अपार्टमेंट सावित्री नगर में रहने वाला विनय प्रकाश जायसवाल (उम्र करीब 54 वर्ष) मूलत: गांधीनगर दिल्ली के रहने वाले थे। दिल्ली से आकर पहले रायपुर में व्यवसाय कर रहे थे उसके बाद बिजनेस में नुकसान होने से बेटा (22 साल) और बेटी (20 साल) के साथ रायगढ़ आकर रहने लगे थे। एकाएक विनय जायसवाल के परिवार में कई सारी विपत्तियां आने लगी, वे स्वयं बीमार पड़ने लगे। उनके बेटे और बेटी भी गंभीर बीमार से जूझ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से विनय जायसवाल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती थे, कल उनका निधन हो गया। दिल्ली में उनके परिचित को विनय जायसवाल के मौत की सूचना पर वे रायगढ़ आये। मृतक विनय जायसवाल के दोनों बच्चों की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे पिता का अंतिम संस्कार करा पाये इसलिए वे शव को मेडिकल कॉलेज में छोड़कर जा रहे थे। थाना प्रभारी जूटमिल को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे। मृतक के वारिसानों की स्थिति देखकर समझ चुके थे कि शव का अंतिम संस्कार पुलिस को कराना पड़ेगा। तब उन्होंने मृतक के बेटे-बेटियों को अंतिम संस्कार तक रूकने के लिये मनाये और हिन्दु प्रथा के अनुसार शव का कयाघाट मुक्तिघाम में अपने स्टाफ के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। जिसके बाद मृतक विनय जायसवाल के दोनों बच्चों को दिल्ली पहुंचाने वाहन की व्यवस्था कराये और आर्थिक सहयोग कराया गया। खाखी अफसर की फर्ज के साथ इंसानियत की ड्यूटी की लोगों द्वारा उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है।

ग्राम तेलीकोट में खरसिया पुलिस ने लगया पुलिस जन चौपाल, रहवासियों को साइबर फ्रॉड से बचने और नशे से दूर रहने की दी समझाइश

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के कार्यों के साथ नियमित रूप से क्षेत्रवासियों को अपराधों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम तेलीकोट में खरसिया पुलिस द्वारा पुलिस जन चौपाल लगाया गया जिसमें थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग व विवेचकगण ने नवीन कानून, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर रहवासियों को संबोधित कर जानकारी दिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया कि जैसे-जैसे डिजिटाइजेशन और तकनीकी बढ़ रही है, वैसे-वैसे साइबर फ्रॉड भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी बैंक अपने ग्राहक से ओटीपी नहीं मांगती है, ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले ट्रांजेक्शन के लिए ओटीपी मांगते हैं ऐसे में आप किसी को भी ओटीपी नहीं बताएं। यदि भूलवश ओटीपी बता भी दी है, तो आप 1930 नंम्बर पर शिकायत दर्ज करावें। इन दिनों लोगों को ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर मोबाइल पर लिंक भेजा जाता है, टेलीग्राम या व्हाटस ग्रुप में जोड़कर अंजान कंपनी या फर्म में रूपये निवेश कराते हैं, कई व्यक्ति लालच में अधूरी जानकारी पर रूपये निवेश कर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं, कोई भी व्यक्ति आदमी घर बैठे मोबाइल से पैसा नहीं कमा सकता, पैसा कमाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे फ्रॉड कॉल का किसी प्रकार उत्तर नहीं देने कहा और ठगी का शिकार होने पर थाना व बैंक जाकर सूचना देने बताया गया।

चौकी प्रभारी संजय नाग ने नशा मुक्ति को लेकर क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना देने रहवासियों को प्रेरित किया गया और नव जवानों को नशे से दूर रखना बताये। उन्होंने सड़क हादसों से बचने तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने से बचने कहा गया। महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा महिला और बालकों संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई। जन चौपाल में काफी संख्या में ग्राम तेलीकोट के रहवासियों के साथ थाना व चौकी खरसिया के स्टाफ मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480